30.12.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक–बजट से पूर्व प्रमुख अर्थशात्रियों तथा विशेषज्ञों से बातचीत की।

- जल जीवन मिशन में पारदर्शिता और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए जल सेवा आकलन का शुभारंभ।

- वर्ष 2026 का राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होगा।

- 69वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता आगामी 2 जनवरी से बाड़मेर में।

- प्रदेश में कल से मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान–कुछ संभागों में मावठ के आसार।

000

नीति आयोग की बैठक आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री ने अगले साल के बजट से पहले सुझावों के लिए प्रमुख अर्थशात्रियों तथा क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञों से बातचीत की। बैठक में उन क्षेत्रों के बारे में प्रमुखता से विचार–विमर्श हुआ, जिनमें अर्थव्यवस्था को मजबूती और विकास को गति देने तथा उभरती चुनौतियों के समाधान के लिए सुधार जरूरी है।

000

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सेवाओं की कुशल उपलब्धता तथा सामुदायिक भागीदारी बढाने के लिए आज वर्चुअल माध्यम से जल सेवा आकलन का शुभारंभ किया। जल शक्ति मंत्रालय ने बताया है कि जल सेवा आकलन, जल जीवन मिशन पोर्टल पर ग्राम पंचायत के नेतृत्व में पेयजल सेवा के लिए डिजिटल आकलन सुविधा है। इसका उद्देश्य किसी तीसरे पक्ष द्वारा सर्वेक्षण के बजाय सामुदायिक स्तर पर गावों द्वारा जल सेवा प्रणाली का स्व–आकलन करना है। हर घर जल ग्राम पंचायतों के जरिए यह कार्य अगले वर्ष 26 जनवरी तक पूरा होने की आशा है। श्री पाटिल ने कहा कि ग्रामीण पेयजल प्रणालियों को लम्बे समय तक सुचारु रखने के लिए सामुदायिक भागीदारी और पारदर्शिता जरूरी है।

000

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि संसद ने वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए और मनरेगा योजना की कमियों को दूर करने के लिए विकसित भारत– जी राम जी विधेयक पारित किया है।
वे आज भोपाल में एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। विपक्ष के योजना का नाम बदलने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि अतीत में भी जब विपक्षी दल सत्ता में थे रोजगार संबंधी योजनाओं के नाम कई बार बदले गए थे। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसे प्रधानमंत्री की गति शक्ति पहल से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इसमें बेरोजगारी भत्ता के लिए स्पष्ट प्रावधान शामिल है और अधिनियम के तहत आवश्यक वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

000

आज भीम यानी भारत इंटरफेस फॉर मनी एप की 9वीं वर्षगांठ है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के भीम एप की वर्ष 2016 में आज के दिन ही शुरूआत हुई थी। इस वर्ष 28 दिसंबर तक भीम एप के माध्यम से 64 हजार करोड़ रुपये से अधिक के 66 करोड़ 30 लाख से अधिक लेनदेन दर्ज किए गए हैं।

000

राज्य विधानसभा का बजट सत्र जनवरी के अंत या फरवरी के पहले सप्ताह में शुरू हो सकता है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज भीलवाड़ा में मीडिया से बातचीत करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा के गठन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्षभर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसकी रूपरेखा के लिए 5 जनवरी को बैठक बुलाई गई है।
विधायक निधि में भ्रष्टाचार के आरोपों पर श्री देवनानी ने कहा कि मामला सदाचार समिति को सौंप दिया गया है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज जयपुर में कैबिनेट की बैठक हुई, इसके बाद राज्य मंत्री परिषद की बैठक हो रही है। इस बैठक में प्रदेश की नई युवा नीति को मंजूरी मिलने और निकाय चुनावों में दो संतानों के नियम में छूट जैसे महत्वपूर्ण निर्णय संभव हैं।

000

वर्ष 2026 का राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज एक बैठक में इसकी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी तालमेल से कार्य करने के निर्देश दिए। इस वर्ष समारोह में जर्मन ड्रिल, एमजीडी बैंड और विभिन्न विभागों की झांकियां मुख्य आकर्षण होंगी। साथ ही, लगभग 1200 स्कूली छात्र सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। मुख्य सचिव ने प्रमुख सरकारी भवनों और सार्वजनिक स्थलों पर आकर्षक रोशनी करने तथा स्टेडियम में सुरक्षा, पेयजल और यातायात के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।

000

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि भारत अब रक्षा उपकरणों का आयातक नहीं बल्कि दुनिया के शीर्ष दस निर्यातक देशों में शामिल हो गया है। जोधपुर में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में तेजस और ब्रह्मोस जैसे युद्धक विमान और मिसाइलों का निर्माण हो रहा है और हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहे हैं। श्री शेखावत ने बताया कि भविष्य के युद्ध तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित होंगे, जिसके लिए भारत खुद को तैयार कर रहा है। उन्होंने देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि भारत वर्ष 2047 तक आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। इस दौरान उन्होंने सैनिकों के साहस और बलिदान की भी सराहना की।

000

69वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता बाड़मेर में आगामी 2 जनवरी से शुरू होगी। इस अंडर–19 प्रतियोगिता की मेजबानी चूली का स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल कर रहा है। 6 जनवरी तक चलने वाली प्रतियोगिता में देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 62 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें 7 सौ से ज्यादा खिलाड़ी शामिल होंगे। खेलों के इस बड़े आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह है।

000

प्रदेश में नए साल के जश्न को लेकर प्रमुख पर्यटन केंद्रों पर भारी उत्साह देखा जा रहा है। जैसलमेर के रेतीले धोरों से लेकर जोधपुर के ऐतिहासिक किलों तक, हर तरफ रौनक है। राजसमंद के श्रीनाथ जी मन्दिर में रोजाना 20 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं। इस बीच सिरोही के माउंट आबू और गुलाबी नगरी जयपुर में भी देशी–विदेशी पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। पाली जिले के रणकपुर और जवाई में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

000

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में उतार–चढ़ाव के बीच कल से कहीं–कहीं मावठ के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि नये पश्चिमी विक्षोभ के आसार से राज्य में मौसम में बदलाव होगा।

000

इस बीच हनुमानगढ़ में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतने और अनावश्यक बाहर न निकलने की सलाह दी है।

**000**

बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में आज से अमृता हाट मेला शुरू हुआ। जिला प्रशासन और महिला अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित यह मेला 3 जनवरी तक चलेगा। इसमें विभिन्न जिलों के 100 से ज्यादा महिला स्वयं सहायता समूहों ने 50 स्टॉल लगाए हैं। मेले में मिट्टी के बर्तन, ऊनी पट्टू, टेराकोटा और कशीदाकारी जैसे हाथ से बने उत्पाद उपलब्ध हैं। साथ ही कैर–सांगरी जैसे खाद्य पदार्थ भी मिल रहे हैं। लोग सुबह 10 से रात 9 बजे तक खरीदारी कर सकते हैं।

**000**

जोधपुर और भगत की कोठी रेलवे स्टेशनों पर अब यात्रियों को खान–पान की प्रीमियम और ब्रांडेड सुविधाएं मिलेंगी। रेलवे बोर्ड के नए दिशा–निर्देशों के तहत इन स्टेशनों पर नामी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के फूड आउटलेट्स और स्टोर्स खोले जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को स्टेशनों पर ही भरोसेमंद, साफ–सुथरा और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। इन आउटलेट्स का आवंटन ई–ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा।

**000**

भरतपुर में नेशनल हाईवे–21 पर स्थित सारस चौराहे पर जल्द ही सिक्स–लेन फ्लाईओवर का निर्माण शुरू होगा। केंद्र सरकार ने इस परियोजना के लिए 201 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है और टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके अलावा, हाईवे के दोनों ओर 5 किलोमीटर लंबी सर्विस रोड के लिए 118 करोड़ रुपये अलग से मंजूर किए गए हैं।

**000**